प्रशासनिक कार्यालय, जनपद न्यायाधीश, भदोही।

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के परिपत्र सं०- 14/Admin.'D' Section दिनांकित 15.10.2022 के अनुक्रम में जनपद न्यायालयों से सेवा-निवृत्त कर्मचारीगण में से ऐसे कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुई हो, अधोलिखित तालिकानुसार रिक्त पदों पर पुनर्नियुक्ति की जानी है। यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगी और एक वर्ष की अवधि के लिए (यदि पूर्व में ही समाप्त न कर दी जाये अथवा प्रोन्नति व सीधी भर्ती के माध्यम से भर्ती न हो जाये) तक की जायेगी।

उक्त पदों का वेतनमान सम्बन्धित पद पर आवेदक को मिलने वाले अंतिम आहरित वेतन जिसमें से पेंशन की राशि काटकर मानदेय के रूप में देय होगा!

पुनर्नियुक्ति, 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने अथवा धारित पद पर सीधी भर्ती/प्रोन्नति द्वारा भरे जाने तक, जो भी पहले हो, तक ही मान्य रहेगी।

आवेदक अपना आवेदन, आयु प्रमाण पत्र व स्वास्थ्य प्रमाण पत्र के साथ दिनांक 05.12.2026 की सायं 05:00 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त हुए आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा।

जनपद न्यायालय, भदोही में लिपिकीय संवर्ग में रिक्त पदों का विवरणः-

क्र०	पदनाम	पुनर्नियुक्त/रिक्त पद	मानदेय
1.	प्रधान सहायक	04	Principal of last pay drawn minus amount of pension
2.	वरिष्ठ सहायक	36	

उपरोक्तानुसार सेवा-निवृत्त कर्मचारियों से योग्यतानुसार आवेदन निर्धारित दिनांक तथा निर्धारित प्रारूप पर आमंत्रित किये जाते हैं। पुनर्नियुक्त किये जाने वाले पदों की संख्या घट या बढ़ सकती है।

विज्ञप्ति सार्वजनिक प्रदर्शन हेतु नोटिस बोर्ड पर चस्पा हो। कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय-भदोही को आदेशित किया जाता है कि उक्त विज्ञप्ति को जनपद न्यायालय, भदोही की वेबसाईट एवं माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की आधिकारिक वेबसाईट पर भी अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

विज्ञप्ति, जिला सूचना अधिकारी-भदोही को समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशनार्थ प्रेषित हों।

दिनांक- 24.11.2026

जनपद न्यायाधीश 24/11/26
भदोही।

आवेदन प्रारूप

आवेदन कर्त्ता का

नवीनतम पासपोर्ट साइज

स्वप्रमाणित फोटो

1. नाम-
2. पिता का नाम-
3. निवास का स्थायी पता-
4. मोबाइल नं०-
5. ई-मेल-
6. शैक्षिक योग्यता-

क्र०	परीक्षा का नाम	वर्ष	विषय	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत

7. अंतिम धारित पद का नाम (जिस पद से सेवा-निवृत्त हुए हैं)-
8. सेवा-निवृत्त की तिथि-
9. अंतिम धारित पद पर आहरित अंतिम वेदन-

   (अंतिम वेतन प्रमाण-पत्र और अंतिम पेंशन प्रमाण-पत्र संलग्न करें)

10. पिछले पाँच सालों के ए०सी०आर० की स्वप्रमाणित फोटोकापी-

    (केवल उन कर्मचारियों के लिए जो भदोही के अलावा अन्य जिला न्यायालय से हैं)

11. जनपद न्यायालय का नाम व पूरा पता जहाँ से सेवा-निवृत्त हुए हैं-

घोषणा

एतदद्वारा मैं पुत्र/पुत्री निवासी/निवासिनी प्रमाणित करता हूँ कि आवेदन में अंकित विवरण मेरे निजी ज्ञान में सही हैं। मेरे द्वारा कोई तथ्य छिपाया नही गया है। मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूँ तथा कार्य करने में सक्षम हूँ। मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक मुकदमा लम्बित एवं पंजीकृत नही है। यदि भविष्य में मेरे द्वारा भरी गयी सूचनायें असत्य पायी जाती हैं तो उस स्थिति में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा।

दिनांक -

आवेदक के पूर्ण हस्ताक्षर